**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा की सहायक कंपनी आई.जी.जी.ई.एफ़.आई.एल. ने अपने प्रथम अंतर्राष्ट्रीय हरित ऊर्जा ऋण को स्वीकृति दी

नई दिल्ली, 16 जनवरी 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आई.एफ.एस.सी. लिमिटेड (आई.जी.जी.ई.एफ.आई.एल.) ने आज नई दिल्ली में आयोजित बोर्ड की बैठक के दौरान अपना प्रथम ऋण अनुमोदन दिया। जाम्बिया के मध्य प्रांत के सेरेन्जे जिले में 100 मेगावाट फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित करने के लिए स्वर्ण सोलर लिमिटेड (एस.एस.एल.) को 22.5 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई।

यह प्रथम ऋण अनुमोदन आई.जी.जी.ई.एफ.आई.एल. के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत के हरित वित्तपोषण पदचिह्न के विस्तार को प्रारम्भ करता है एवं वैश्विक स्तर पर सतत ऊर्जा विकास का समर्थन करता है।

इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय एवं आई.जी.जी.ई.एफ़.आई.एल. के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा: *"आई.जी.जी.ई.एफ़.आई.एल. द्वारा यह प्रथम ऋण अनुमोदन इरेडा के स्वच्छ ऊर्जा वित्तपोषण के लिए एक वैश्विक उत्प्रेरक के रूप में उभरने हेतु एक मील का पत्थर है। गिफ्ट सिटी में अपनी उपस्थिति के माध्यम से, हम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में नवीकरणीय ऊर्जा विकास को सक्षम करने के लिए प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय पूंजी का लाभ उठा रहे हैं। जाम्बिया में इस सौर परियोजना का समर्थन करना राष्ट्रीय सीमाओं से परे सतत विकास को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा नेतृत्व के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।"*